www.wagadsandesh.com
Tital Code : RAJHIN27802
# वागड़ संदेश
जन मन की आवाज
सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351581818
वर्ष-2 अंक-125 सागवाड़ा, शनिवार, 7 जनवरी, 2023 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)



# गहलोत बोले- प्रदेश में कांग्रेस की सरकार फिर होगी रिपीट, जन आक्रोश सभाओं को नौटंकी बताया

*** सीएम अशोक गहलोत का सागवाडा दौरा, 250 करोड़ के विकास कार्यो की दी सौगात**
*** CM गहलोत ने गौ कथा में की शिरकत, गो कथावाचक की माँगो को पूरा करने का दिया आश्वासन**

**सागवाडा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आज डूंगरपुर जिले के सागवाडा दौरे पर रहे। अपने दौरे के दौरान सीएम गहलोत ने महिपाल खेल मैदान में चल रही गौ कथा में भाग लिया। वही सीएम गहलोत ने 250 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यो का शिलान्यास व लोकार्पण कर जनता को सौगात दी। इधर मीडिया से रूबरू होते हुए सीएम अशोक गहलोत ने भाजपा की जन आक्रोश सभाओं पर तंज कसा साथ ही प्रदेश में कांग्रेस सरकार के रिपीट होने का दावा किया।

प्रदेश के सीएम अशोक गहलोत आज अपने एक दिवसीय दौरे पर सागवाडा पहुंचे। पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा, मंत्री महेंद्र जीत सिंह मालवीया व टीएडी मंत्री अर्जुन बामणिया के साथ हेलीकॉप्टर से महिपाल खेल मैदान में हेलीपेड पर उतरने पर कांग्रेस के निवर्तमान अध्यक्ष दिनेश खोड़निया और नगरपालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया सहित अन्य कांग्रेसी नेताओं ने स्वागत किया। इसके बाद सीएम अशोक गहलोत ज्ञापन लेकर खड़े लोगो के पास पहुंचे जहां पर लोगो ने अपनी मांगों व समस्याओं के संबंध में ज्ञापन सौंपा। इसके बाद सीएम अशोक गहलोत गौ कथा पांडाल में पहुंचे जहां पर सीएम अशोक गहलोत ने व्यास पीठ पर गौ कथा भक्त जगदीश महाराज का श्रीफल देकर स्वागत किया। इधर इसके बाद सीएम अशोक गहलोत ने आमसभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में गहलोत ने कहा देश में राजस्थान की सरकार ने पहली बार गौ शाला के लिए 6 महीने के बजट को बढ़ाकर 9 महीने का कर दिया। देश में किसी भी सरकार ने गौ सेवा के लिए ऐसा काम नही किया है। उन्होंने कहा कि राज्य में 4 साल में गौशाला के लिए 2500 करोड़ रुपए खर्च कर दिए है। आगे भी सरकार गौ सेवा के लिए किसी भी तरह की कमी नहीं आने दी जाएगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गौभक्त महाराज जगदीश गोपाल की मांग पर गौशाला के लिए कमेटी बनाकर पूरा करने का भरोसा दिलाया। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद डोटासरा ने कहा की राज्य सरकार ने गरीबों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की है, जिसका फायदा सभी लोगों को मिल रहा है।



## 250 करोड़ के विकास कार्यो की दी सौगात

सभा के बाद सीएम अशोक गहलोत ने 250 करोड़ के विकास कार्यो का शिलान्यास व लोकार्पण किया। जिसमें 115 करोड़ की सागवाडा सीवरेज योजना का शिलान्यास, 60 करोड़ का लसाडा पुल का शिलान्यास, 32 करोड़ की खड़गदा-जोगपुर-मंडली सड़क का शिलान्यास किया वही 4 करोड़ की सड़कों का लोकार्पण किया।

## घोघरा, भगोरा, यादव और बामणिया ने बनाई दूरी

इधर सीएम के दौरे से कांग्रेस का एक गुट ने दूरी बनाई रखी। राज्यमंत्री डॉ शंकर यादव, डुंगरपुर विधायक गणेश घोगरा, सागवाडा के पूर्व विधायक सुरेंद्र बामणिया, पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा सीएम के दौरे में कही नजर नही आये।जो कि चर्चा का विषय बना रहा।

## भाजपा की जन आक्रोश सभाओं में भीड़ नहीं

सीएम अशोक गहलोत अपने दौरे के दौरान मीडिया से भी रूबरू हुए। इस दौरान सीएम अशोक गहलोत ने भाजपा की आयोजित हो रही जन आक्रोश सभाओं पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने जयपुर में जन आक्रोश रैली की शुरुआत की थी जिसमे भीड़ नही थी। वही भाजपा के केंद्रीय मंत्रियों की मौजूदगी में हो रही जन आक्रोश सभाओं में भी भीड़ नही आ रही है। इससे साफ है कि जनता में सरकार के प्रति आक्रोश नही है बल्कि भाजपा के चार साल के निककमेपन के खिलाफ आक्रोश है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में चार सालों में चिरंजीवी योजना सहित विभिन्न बेहतरीन योजनाओ की सौगात दी हैं और अगले चुनाव के एक बार फिर से कांग्रेस सरकार रिपीट होगी। इधर सागवाडा नगरपालिका के पिछले बोर्ड में भाजपा कार्यकर्ताओं को कच्ची बस्ती के नाम पर दिए पट्टों के सवाल पर सीएम गहलोत ने मामले में जांच करवाने की भी बात कही।







# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने डूंगरपुर में जन आक्रोश सभा में कांग्रेस सरकार पर साधा निशाना

**डूंगरपुर।** भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया अपने डूंगरपुर दौरे के दूसरे दिन डूंगरपुर जिला मुख्यालय पर पहुंचे जंहा उनहॉने भाजपा की जन आक्रोश रैली में भाग लिया वही गेपसागर की पाल पर स्थित जन आक्रोश सभा को संबोधित भी किया। अपने संबोधन में पुनिया ने कांग्रेस सरकार को आड़े हाथों लेते हुए जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा की कांग्रेस के चार साल के शासन में कांग्रेस फैल साबित हुई है। कांग्रेस ने बेरोजगार युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गो, किसानों से जो वायदे किए थे वे एक भी पूरे नही हुए है। गहलोत ने किसानों का पूरा कर्जा माफ करने का वायदा किया था, लेकिन आज तक किसानों का एक रुपया माफ नहीं हुआ है। बेरोजगार आज भी नोकरी के लिए भटक रहे है। राज्य में प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर आउट हो रहे है। जिससे परीक्षार्थी ठगा सा महसूस कर रहा है। राज्यमे अपराधो का ग्राफ बढ़ रहा है। प्रदेश में महिलाओं से



दुष्कर्म, अपहरण की घटनाएं बढ़ी है। वही दिनदहाड़े गैंगस्टर में गोलियां चलाई जा रही है, जिससे प्रदेश में माफियाराज चल रहा है, लेकिन सरकार चार साल में केवल सरकार बचाने में लगी रही ओर जनता परेशान हो गई।

इसी के खिलाफ अब लोगो में आक्रोश है। भाजपा जनता के इस आक्रोश के साथ कांग्रेस को मुंहतोड़ जवाब देगी। उन्होंने कहा की देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने 3 करोड़ आदिवासी परिवारों को घर दिया, 80 करोड़ परिवारों को कोरोनाकाल में भी खाने पीने का सामान दिया। वही हर घर में उज्जवला गैस योजना के कनेक्शन से महिलाओं को धुंए की समस्या से राहत देने का काम केंद्र सरकार ने किया है। अपने संबोद्धन मे पुनिया ने अगले विधानसभा चुनाव में भाजपा की सरकार बनने का दावा किया वही इसके बाद पुनिया उदयपुर जिले के लिए रवाना हो गए।